मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 23/01/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --346/2025
23 जनवरी 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
=============

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केंद्रीय सरना समिति ,भारत के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को सरना आदिवासी समाज की समस्याओं एवं मांगो से संबंधित एक ज्ञापन सौंपकर उसके निदान की दिशा में उचित पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य हित में सरकार सभी वर्ग तथा समुदाय के विकास एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में समाज के हर वर्ग और तबके के लोगों को सशक्त और आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है क्योंकि बिना समाज को मजबूत किए राज्य को मजबूत नहीं कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरना आदिवासी समाज की आस्था, परंपरा एवं संस्कृति को संरक्षित करने के साथ उनके हक- अधिकार को देने के लिए हमारी सरकार ठोस क़दम उठा रही है।

मुख्यमंत्री से भेंट करने वालों में केंद्रीय सरना समिति, भारत के अध्यक्ष श्री नारायण उरांव, श्री अमर उरांव, श्री राजू मंडल, श्री शिवा कच्छप, श्री प्रदीप तिर्की, श्री सोनू मुंडा, श्री झरी मुंडा, श्री राजेश तिर्की, श्री हेमन्त गाड़ी, श्रीमती चिंतामणि सांगा, श्रीमती सुलोचना खालखो, श्रीमती सावित्री कच्छप, श्रीमती लाली कच्छप, श्रीमती संजना उरांव, श्रीमती मधु तिर्की, श्रीमती प्रीति कच्छप और श्रीमती सायरा कच्छप प्रमुख रूप से शामिल थे।

================

#Team PRD(CMO)